मथुरा में प्रत्येक तीर्थस्थल पर बनेंगे पर्यटक सुविधा केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद द्वारा श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए टूरिस्ट फेसलिटिशन सेंटर (पर्यटक सुविधा केंद्र) बनाने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- योजना के तहत सभी सेंटर एक-एक हेक्टेयर भूमि पर बनाए जाएंगे।
- गौरतलब है कि मथुरा में अब तक श्रीकृष्ण जन्म-स्थान क्षेत्र के 10 वर्ग किमी. के दायरे में आठ तीर्थस्थल घोषित किये जा चुके हैं।
- वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र पहले से ही उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध हैं-
    - 55 बसों की पार्किंग सुविधा
    - चार हॉल में 100-100 बेड की व्यवस्था
    - श्रद्धालुओं के लिये खुद की रसोई की सुविधा, कैंटीन आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tourist-facilitation-center-will-be-built-at-every-pilgrimage-place-in-mathura